कार्यालय जिलाधिकारी अम्बेडकरनगर

पत्रांक- २०० ई-आफिस / JJM / 2025-26/ २० **दिनाँक-14.../01/2026**

जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति-

दिनाँक-07/01/2026 को जिलाधिकारी महोदय के द्वारा मुख्य विकास अधिकारी के साथ जिला सभागार में जल जीवन मिशन के कार्योंकी समीक्षा बैठक की गयी। जिसमेंअधिशाषीअभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) के साथ AE/JE,TPIA,DC एवं प्रो0 मैनेजर DPMU,DPRO प्रतिनिधिवदोनोंफर्मवेलस्पन/VTLके प्रो0 मैनेजरद्वाराबैठक में प्रतिभाग किया गया।

समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों एवं VTL ववेलस्पन के प्रो0 मैनेजरको निम्न निर्देशदिये गये -

1. यह किशिरोपरी जलाशय के निर्माण में दोनों फर्म द्वारा लक्ष्य 571 के सापेक्ष 234 शिरोपरी जलाशय का निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। दोनों फर्म को निर्देशित किया गया कि मैन पावर बढाकर यथाशीघ्र गुणवत्ता पूर्ण कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्य की प्रति पूर्तिससमय करना सुनिश्चित करें।
2. यह कि O&M में 55 पेयजल परियोजनाओं को Approval हेतु DPRO को भेजा गया था जिसमें 53 पेयजल परियोजना को Approved कर दिया गया है तथा 02 पेयजल परियोजना को Reject कर दिया गया है। अधिशाषीअभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) निर्देशित किया गया कि जल निगम द्वारा Approved 120 पेयजल परियोजनाओं में से शेष 58 पेयजल परियोजनाओं के O&M के विवरण पत्र पर सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों से हस्ताक्षर कराकर यथाशीघ्र DPRO कार्यालय में O&M के Approval हेतु प्रेषित करना सुनिश्चित करें।
3. यह कि सरकारी भवनों यथा स्कूल,आगनवाड़ी,आरोग्य मंदिर व पंचायत भवन, केन्द्र पर 4807 गृह संयोजन के लक्ष्य के सापेक्ष 3131 गृह संयोजन का कार्य किया गया है जो लक्ष्य के अनुरुप प्रगति कम है। निर्देशित किया जाता है कि दोनों फर्म लक्ष्य के अनुसार शत प्रतिशत प्रगति यथाशीघ्रकरना सुनिश्चित करें।
4. यह कि IGRS पोर्टल पर 219 एवं JJM हेल्प लाइन पोर्टल पर 365 शिकायतें निस्तारण हेतु लम्बित है। यद्यपि शिकायतों के निस्तारण में पूर्व की अपेक्षा काफी सुधार है। निर्देशित किया जाता है कि दोनों फर्म शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारणका क्रम बनायें रखें।
5. यह कि दोनों फर्म को निर्देशित किया जाता है कि पेयजल परियोजना में आने वाले बाधाओं की सूची तैयार कर अधिशाषीअभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को प्रस्तुत करें तथा अधिशाषीअभियन्ता बैठक के पूर्व उनके सम्बन्ध में अवगत करायें जिससे उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को जल जीवन की आयोजित होने वाली बैठक में निर्देशित किया जा सकें।

उपरोक्त निर्देश के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

Digitally signed by
ANUPAM SHUKLA
Date: 14-01-2026
13:05:26

(अनुपम शुक्ला)
जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
अम्बेडकरनगर

प्रतिलिपि-निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. अधिशासी निदेशक महोदय राज्य पेय जल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को सूचनार्थ।
2. मुख्य विकास अधिकारी अम्बेडकरनगर।
3. डी0पी0आर0ओ0 अम्बेडकरनगर।
4. अधिशाषी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) अम्बेडकरनगरको आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. दोनों फर्मवेलस्पन एवं VTL कम्पनीअम्बेडकरनगर को अनुपालनार्थ हेतु प्रेषित।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
अम्बेडकरनगर

1-GV